14 की नियुक्ति अप्रार्थी संस्थान में थी और उनको अवैध तौर पर मेडीकली अनफिट बताते हुए आदेश दिनांक 11-12-85 द्वारा सेवा मुक्त कर दिया गया। उनको धारा 25-एफ औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे बाद में अधिनियम संबोधित किया गया है) के अन्तर्गत किसी प्रकार का कोई नोटिस नहीं दिया व नोटिस के एवज़ में कोई वेतन नहीं दिया गया। अप्रार्थी द्वारा राजकीय चिकित्सक की बजाय मनमाने तौर पर अन्य चिकित्सक का बोर्ड बनाकर उनसे मनमाने तौर पर डॉक्टरी का प्रमाण पत्र लिया गया जिनमें "अनफिट" शब्द बाद में बढ़ा लिया गया, उनकी कहीं कोई नियमानुसार डाक्टरी नहीं की गई। उनके द्वारा इस संबंध में विवाद करने पर सभी श्रमिकों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित अपीलीय मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित हरेने के लिए कहा गया लेकिन किसी अपीलीय मेडिकल बोर्ड का गठन नहीं किया गया। फिर राज्य के मेडीकल बोर्ड से मेडिकल कराने की अनुमति उनसे प्राप्त की गई परन्तु उनका कोई मेडिकल नहीं कराया गया और उन्हें सेवामुक्त कर दिया गया। श्रमिक सं. 15 श्रीमती नाथड़ी को एक वर्ष पूर्व ही 22-12-86 को 60 वर्ष की आयु मानते हुए सेवानिवृत कर दिया गया जो भी सेवा पृथककरण ही है व अनुचित व अवैध है तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों के विपरीत है क्योंकि अप्रार्थी के रजिस्टर में नाथड़ी की आयु 60 वर्ष मानते हुए सेवा मुक्ति की गई है, चिकित्सा बोर्ड द्वारा नाथड़ी की परीक्षण के पश्चात् आयु 42 वर्ष दर्शाई गई थी जिसका पत्र क्लेम के साथ प्रदर्श डब्ल्यू-II है जो जांच 29-11-85 को की गई थी। नाथड़ी द्वारा नियुक्ति के समय उसकी जन्म तिथि 28-3-40 अंकित की गई थी और इस आधार पर ही नाथड़ी की सेवा निवृत्ति 58 वर्ष की आयु होने के पश्चात् की जानी थी इससे पूर्व सेवा मुक्त करने पर नियमानुसार उसे तीन माह पूर्व नोटिस दिया जाना चाहिये था जो नहीं दिया गया। नाथड़ी की जन्म पत्री प्रदर्श डब्ल्यू-12 है, उसके द्वारा दिया गया मांग पत्र प्रदर्श 13 है। इस प्रकार नाथड़ी की भी सेवा निवृति गलत की गई है जो छंटनी की परिभाषा में आती है और धारा 25-एफ अधिनियम की पालना नहीं की गई है। इस प्रकार प्रार्थना की गई है कि इन समस्त श्रमिकों के सेवा पृथक आदेश अनुचित व अवैध घोषित किये जायें, उन्हें सेवा पृथक तिथि से ही निरन्तर सेवा में माना जाये और उन्हें बकाया वेतन दिलाया जाये। चार श्रमिकगण पांचू, भैरू, बंशी व लक्ष्मण की मृत्यु हो चुकी है जिनकी सेवामुक्ति को अवैध घोषित किया जाकर उनकी मृत्यु होने तक समस्त आर्थिक लाभ उनके वारिसान को दिलाये जायें।

4. अप्रार्थी की ओर से उक्त वाद पत्र का जवाब दावा प्रस्तुत किया गया है जिसके अनुसार विधिक आपत्ति यह ली गई है कि अप्रार्थी राजस्थान राज्य टंगस्टन विकास निगम लि. का संचालन दिनांक 4-6-91 से केन्द्रीय उपक्रम मैसर्स हिन्दुस्तान ज़िंक लि. को हस्तान्तरित कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप अप्रार्थी संस्थान अब विद्यमान नहीं है इसलिए इसके विरुद्ध वाद चलने योग्य नहीं है।

5. गुणावगुण पर वाद पत्र का जवाब पेश किया गया है जिसके अनुसार श्रमिक सं. 1 से 14 तक की सेवाएं सामयिक स्वास्थ्य परीक्षा में कार्य करने योग्य नहीं पाये जाने के कारण दिनांक 11-12-85 को समाप्त की गई हैं। नाथड़ी की सेवा नियमों के अन्तर्गत निर्धारित सेवा निवृति आयु प्राप्त कर लेने पर सेवानिवृत की गई हैं। नाथड़ी सेवानिवृति की आयु प्राप्त कर चुकी थी। श्रमिक सं. 1 से 14 स्वास्थ्य परीक्षण में कार्य करने योग्य नहीं थे, उनकी छंटनी नहीं की गई है इसलिए धारा 25-एफ अधिनियम की पालना का प्रश्न नहीं उठता। नाथड़ी को सेवानिवृत्ति पर देय ग्रेच्युटी आदि लाभ प्राप्त करने के लिए सूचित कर दिया गया। चार श्रमिक पांचू, भैरू, बंशी व लक्ष्मण की मृत्यु हो चुकी है वे भी स्वास्थ्य परीक्षण में कार्य करने योग्य नहीं पाये गये थे। मृतक श्रमिक की ओर से प्रार्थी संघ को वाद प्रस्तुत करने का अधिकार नहीं है। इन किसी भी श्रमिक ने अपीलीय मेडिकल बोर्ड द्वारा पुनः स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कोई आवेदन नहीं किया। ऐसी स्थिति में इनका स्वास्थ्य परीक्षण स्वीकार था। श्रमिकों से अन्डरग्राउन्ड व सरफेस पर कार्य लिया जाता रहा है जिसके लिए चिकित्सकों ने उन्हें योग्य व सक्षम घोषित नहीं किया जो कि दक्ष चिकित्सक थे, इसलिए उन्हें सेवा पृथक करना आवश्यक था। इसलिए श्रमिक सं. 1 से 14 की सेवामुक्ति स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर की गई है जो वैध है। नाथड़ी की आयु 60 वर्ष हो जाने से सेवानिवृत किया गया है जो भी वैध व उचित है और प्रार्थीगण किसी प्रकार की राहत पाने के अधिकारी नहीं हैं।

5. प्रार्थी संघ की ओर से श्रमिक पूरण, श्रीमती ग्यारसी, श्रीमती पतासी, श्रीमती जन्नत, पूसा, श्रीमती नाथड़ी के शपथपत्र पेश हुए हैं एवं एक अन्य शपथ पत्र प्रार्थी संघ के अध्यक्ष मोहन सिंह का पेश हुआ है जिनसे अप्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि ने जिरह की है। अप्रार्थी की ओर से डाक्टर एस. आर. सोनी जिसने इन श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया है तथा श्री के. डी. एस. राजावत जो अप्रार्थी निगम में कनिष्ठ प्रबन्धक हैं, के शपथ पत्र पेश हुए हैं जिनसे प्रार्थीगण के विद्वान प्रतिनिधि ने जिरह की है और दोनों ओर से दस्तावेज प्रस्तुत हुए हैं।

6. मैंने प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि की बहस सुनी, पत्रावली का अवलोकन किया।

7. जहां तक श्रमिक सं. 1 से 14 का प्रश्न है, जिनमें चार श्रमिकों की मृत्यु भी हो चुकी है लेकिन अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत विवाद में मृत्यु हो जाने से विवाद उपशमित नहीं हो जाता इसलिए सभी 14 श्रमिकों की बाबत साक्ष्य का विवेचन किया जा रहा है। इन 14 श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण में अयोग्य पाये जाने के आधार पर हटाया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले चिकित्सक डॉ. सोनी का शपथ पत्र पेश हुआ है जिससे जिरह भी की गई है। जिरह में उसने स्पष्टतौर पर स्वीकार किया है कि उसे अप्रार्थी निगम ने संबंधित व्यक्तियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नियुक्त किया था जिसका आदेश प्रदर्श एम-8 है एवं एक अन्य आदेश प्रदर्श एम-34 है। उसने इन श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया था जिनके बाबत प्रमाण पत्र जारी किये थे। स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट प्रदर्श डब्ल्यू-30, 34, 5, 8, 1 है। इस परीक्षण के समय किसी भी श्रमिक का स्टूल, मूत्र, रक्त टैस्ट नहीं किया। इनका एक्सरे नहीं कराया क्योंकि एक्सरे के लिए श्रमिकों ने इनके नेता मोहन सिंह द्वारा मिसगाईड करने पर सहमति नहीं दी। ग्यारसी की आंख खराब थी जो टार्च से देखी थी जो फूटी हुई थी। दाईं आंख ठीक थी जिसका वीज़न 6/12 है परन्तु यह सर्टीफिकेट में दर्ज नहीं किया। पतासी का प्रमाण पत्र प्रदर्श डब्ल्यु-34 है, इसमें वह चल फिर नहीं सकती थी, न्यूरोलोजीकल डिफैक्ट था, इसकी ई. सी. जी. नहीं कराई। उसे चलाकर देखा तो चल नहीं सकती थी। परन्तु प्रदर्श

34 में इसका उल्लेख नहीं किया। इस तरह इस साक्षी की जिरह से स्पष्ट है कि माईन्स रूल्स 1955 के अन्तर्गत बताये गये नियमों के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हुआ और न ही नियमानुसार तीन प्रतियों में प्रमाण पत्र जारी किये गये, जिनकी एक प्रति श्रमिक को नहीं दी गई। इस प्रकार यह स्वास्थ्य परीक्षण मनमाने तौर पर किया गया है। प्रदर्श डब्ल्यू-35 में ए से बी स्थान पर "अनफिट" शब्द बाद में लिखा हुआ है, अन्य प्रमाण पत्रों में भी अनफिट शब्द ही लिखा है लेकिन इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। श्रमिकों द्वारा ऐतराज करने पर सभी 14 श्रमिकों को अपीलेट मेडीकल बोर्ड के समक्ष पेश होने के लिए पत्र दिये गये हैं जिसमें अंकित किया गया है कि यदि अपीलेट मेडीकल बोर्ड द्वारा उन्हें अनफिट घोषित कर दिया गया तो वे सेवा में इसी प्रकार बने रहेंगे मानो उनकी सेवा मुक्ति नहीं की गई हो। परन्तु अप्रार्थी द्वारा किसी प्रकार अपीलेट मेडीकल बोर्ड गठित नहीं किया गया है। फिर सभी 14 श्रमिकों को पत्र दिया गया जो अभिलेख पर हैं, कि अपीलेट बोर्ड का गठन नहीं हुआ है इसलिए राज्य सरकार के मेडीकल बोर्ड से उनके परीक्षण हेतु सहमति दी जावे जिस पर सभी श्रमिकों ने सहमति प्रदान कर दी फिर भी इनका राज्य सरकार के मेडीकल बोर्ड द्वारा कभी भी कोई स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया गया और इन पत्रों के आधार पर यह स्पष्ट तौर पर जाहिर है कि जो पूर्व में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था, उसका अस्तित्व नहीं माना गया। ऐसी सूरत में ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उनको कार्य के लिए अयोग्य मानते हुए सेवा पृथक किया गया है वह विधिक नहीं है।

8. इसी प्रकार श्रीमती नाथड़ी को 60 वर्ष की आयु की बताकर सेवा निवृत किया गया है जबकि अप्रार्थी संस्थान में सेवा निवृति आयु 58 वर्ष ही है। एक वर्ष पूर्व किये गये चिकित्सा परीक्षण में उसकी आयु 42 वर्ष थी और नियुक्ति के समय प्रस्तुत जन्म पत्री के अनुसार नाथड़ी की जन्म तिथि 9-3-40 बताई गई है जिसके अनुसार वह 58 वर्ष की पूरी नहीं होती 58 वर्ष की सेवा पूरी हो जाने के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज़ या साक्ष्य अप्रार्थी को अभिलेख पर नहीं है, ऐसी सूरत में नाथड़ी को भी गलत सेवा निवृति की गई है जो छंटनी की तारीफ में आती है।

9. उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रकरण में निम्न अवार्ड पारित किया जाता है :

> "श्रमिक सं. 1 से 14 तक की स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर अप्रार्थी द्वारा की गई सेवा मुक्ति दिनांक 11-12-85 तथा श्रमिका सं. 15 श्रीमती नाथड़ी की आयु के आधार पर की गई सेवा निवृति दिनांक 22-12-86 अनुचित एवं अवैध है, जिसे अपास्त किया जाता है। समस्त श्रमिकगण सेवा में बने रहने के अधिकारी हैं तथा पिछला बकाया वेतन व अन्य सभी लाभ प्राप्त करने के अधिकारी है। मृतक श्रमिकगण के वारिसान उनकी मृत्यु की तिथि तक का समस्त वेतन व भत्ते प्राप्त करने के अधिकारी है।"

10. अवार्ड आज दिनांक 13-10-2004 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

पी. एल. हिस्सारिया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2005

का. आ. 366.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा. लि. के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट (संदर्भ संख्या सी. आई. टी. 9/89) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 10-1-2005 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29025/6/2005-आई. आर. (विविध)]
बी. एम. डेविड, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 2005

S.O. 366.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (C.I.T. 9/89) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 10-1-2005.

[No. L-29025/6/2005-IR(Misc.)]
B. M. DAVID, Under Secy.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 9/89

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

श्री गोदू पुत्र श्री छाजू मीना उम्र 49 वर्ष, निवासी ग्राम-पोस्ट बोरोदा वाया सैंथल, तहसील-दौसा, जिला जयपुर। .....प्रार्थी

बनाम

1. जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि. रजिस्टर्ड आफिस-प्रेम प्रकाश, एस. एम. एस. हाईवे, जयपुर जरिये मैनेजिंग डायरेक्टर।

2. माइन्स मैनेजर, डगोता सोप स्टोन माइन्स, जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि., डग्गेता, तहसील जुमुवा रामगढ़ जिला जयपुर। .....अप्रार्थीगण

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री पी. एल. हिस्सारिया, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे. के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री आर. सी. पापड़ीवाल

अवार्ड दिनांक : 6-11-2004

अवार्ड

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि., जयपुर के विरुद्ध औद्योगिक अधिनियम 1947 (जिसे आगे अधिनियम लिखा जा रहा है) की धारा 33-ए के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार वह विपक्षी संस्थान का स्थाई श्रमिक है, उसका कार्य हमेशा संतोषप्रद रहा है, वह राष्ट्रीय खनन मजदूर कांग्रेस सोप स्टोन माइन्स, डगोता का सक्रिय सदस्य है तथा उसे अचानक विपक्षी संस्थान ने दिनांक 7-10-88 को समाचार पत्र में एक सूचना प्रकाशित कर सेवा से हटा दिया। सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा मुक्ति का कोई कारण उसे नहीं बताया, न ही उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया। अधिकरण के समक्ष विपक्षी संस्थान एवं उसके मध्य एक जनरल रैफरेंस सं. 4/88 लंबित है जिससे प्रार्थी भी संबंधित श्रमिक है किन्तु उसकी सेवा मुक्ति से पूर्व अधिनियम के प्रावधान के अनुसार न तो प्रार्थी को सेवा मुक्त करने की अनुमति अधिकरण से प्राप्त की गई, न ही धारा 33(2)(बी) अधिनियम के तहत सेवा मुक्ति आदेश का अनुमोदन कराया गया, न ही ऐसा कोई प्रार्थना पत्र अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया। अत: प्रार्थी की सेवा मुक्ति अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में की गई है जो अवैध व अनुचित है। प्रार्थी चूंकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अत: दुर्भावनापूर्ण रूप से उसकी सेवा मुक्ति की गई है। अत: प्रार्थी की प्रार्थना है कि उसका सेवा मुक्ति आदेश दिनांक 7-10-88 अनुचित व अवैध घोषित किया जाकर अपास्त किया जाये एवं उसे समस्त पिछले वेतन व अन्य लाभ सहित सेवा में बहाल किया जाये।

(2) विपक्षी संस्थान ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रारंभिक आपत्ति की है कि उपरोक्त रैफरैंस सं. 4/88 से श्रमिक किसी प्रकार संबंधित श्रमिक नहीं कहा जा सकता क्योंकि धारा 33-ए का प्रार्थना पत्र श्रमिक की कन्डीशन ऑफ सर्विस में परिवर्तन न्यायाधिकरण में रैफरैंस लंबित होने की स्थिति में करने पर ही शिकायत स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है, जबकि विवाद सं. 4/88 किसी भी प्रकार कन्डीशन ऑफ सर्विस में संबंधित नहीं कहा जा सकता, अत: प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। उपरोक्त विवाद सं. 4/88 के संबंध में अधिकरण द्वारा 30-12-88 को ही नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित कर दिया था, अत: जिस दिन प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया उस दिन कोई रैफरैंस अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं था, अत: प्रार्थना पत्र खारिज करने योग्य है।

(3) गुणावगुण पर अप्रार्थी का इतना ही जवाब है कि दिनांक 7-10-88 को जो सेवा मुक्ति आदेश प्रार्थी के विरुद्ध पारित किया गया है, उसमें किसी भी प्रकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है, अत: प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई है।

(4) प्रकरण में विपक्षी संस्थान द्वारा 1-4-91 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि श्रमिक को सेवा मुक्ति से संबंधित विवाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रेषित किया गया है, अत: अब इस प्रार्थना पत्र पर कोई अग्रिम कार्यवाही किया जाना विधि सम्मत नहीं है, अत: उपरोक्त रैफरैंस सं. 95/89 के निस्तारण तक इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही रोके जाने की प्रार्थना की गई।

(5) उक्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात् आदेशिका दिनांक 13-1-92 में पारित आदेश के अनुसार इस पत्रावली को भी उपरोक्त रैफरैंस सं. सी. आई. टी. 95/89 के निस्तारित होने तक उसी पत्रावली के साथ कन्सोलीडेट कर दिया गया।

(6) चूंकि अब रैफरैंस सं. सी. आई. टी. 95/89 का निस्तारण हो चुका है और प्रार्थी की मृत्यु हो जाने के कारण समस्त लाभ उसके विधिक वारिसान को दिलाये जाने का अवार्ड पारित किया गया है, ऐसे में यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी का निष्प्रभावी होने से खारिज किये जाने योग्य है।

(7) अत: प्रकरण में निम्न अवार्ड पारित किया जाता है :—

"चूंकि प्रकरण सं. सी. आई. टी. 95/89 का निस्तारण किया जाकर प्रार्थी के विधिक वारिसान को समस्त आर्थिक लाभ दिलाये गये हैं, ऐसे में प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए अधिनियम निष्प्रभावी होने से अस्वीकार किया जाता है, प्रार्थी इस प्रार्थना पत्र के जरिये कोई राहत पाने का अधिकारी नहीं है।"

(8) अवार्ड आज दिनांक 6-11-2004 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

पी. एल. हिस्सारिया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2005

का. आ. 367.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा. लि. के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट (संदर्भ संख्या सी. आई. टी. 10/89) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 10-1-2005 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29025/7/2005-आई. आर. (विविध)]
बी. एम. डेविड, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 2005

S.O. 367.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (Ref. No. C.I.T. 10/89) of the Central Industrial Tribunal Jaipur now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 10-1-2005.

[No. L-29025/7/2005-IR(Misc.)]
B. M. DAVID, Under Secy.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 10/89

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

श्री छाजू पुत्र भौरिया जोगी मीना उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम-नैतावाला, पो. नीमला वाया सैंथल तह. जमुवा रामगढ, जिला जयपुर।

.....प्रार्थी

बनाम

1. जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि. रजिस्टर्ड आफिस-प्रेम प्रकाश, एस. एम. एस. हाईवे, जयपुर जरिये मैनेजिंग डायरेक्टर।

2. माइन्स मैनेजर, डगोता सोप स्टोन माइन्स, जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि., डगोता, तहसील जमुवा रामगढ़, जिला जयपुर। ....अप्रार्थीगण

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री पी. एल. हिस्सारिया, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे. के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री आर. सी. पापड़ीवाल

दिनांक अवार्ड : 6-11-2004

अवार्ड

1. प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी जयपुर मिनरल डवेलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि., जयपुर के विरुद्ध औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे आगे अधिनियम लिखा जा रहा है) की धारा 33-ए के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार वह विपक्षी संस्थान का स्थाई श्रमिक है, उसका कार्य हमेशा संतोषप्रद रहा है, वह राष्ट्रीय खनन मजदूर कांग्रेस सोप स्टोन माइन्स, डगोता का सक्रिय सदस्य है तथा उसे अचानक विपक्षी संस्थान ने दिनांक 7-10-88 को समाचार पत्र में एक सूचना प्रकाशित कर सेवा से हटा दिया। सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा मुक्ति का कोई कारण उसे नहीं बताया, न ही उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया। अधिकरण के समक्ष विपक्षी संस्थान एवं उनके श्रमिकगण के मध्य एक जनरल रैफरेंस सं. 4/88 लंबित है जिससे प्रार्थी भी संबंधित श्रमिक है किन्तु उसकी सेवा मुक्ति करने से पूर्व अधिनियम के प्रावधान के अनुसार न तो प्रार्थी को सेवा मुक्त करने की अनुमति अधिकरण से प्राप्त की गई, न ही धारा 33(2)(बी) अधिनियम के तहत सेवा मुक्ति आदेश का अनुमोदन कराया गया, न ही ऐसा कोई प्रार्थना पत्र अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया। अत: प्रार्थी की सेवा मुक्ति अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में की गई है जो अवैध एवं अनुचित है। प्रार्थी चूंकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अत: दुर्भावनापूर्ण रूप से उसकी सेवा मुक्ति की गई है। अत: प्रार्थी की प्रार्थना है कि उसका सेवा मुक्ति आदेश दिनांक 7-10-88 अनुचित व अवैध घोषित किया जाकर अपास्त किया जावे एवं उसे समस्त पिछले वेतन व अन्य लाभ सहित सेवा में बहाल किया जावे।

2. विपक्षी संस्थान ने प्रार्थना पत्र का जवाब प्रस्तुत कर प्रारंभिक आपत्ति की है कि उपरोक्त रैफरैंस सं. 4/88 से श्रमिक किसी प्रकार संबंधित नहीं कहा जा सकता क्योंकि धारा 33-ए अधिनियम का प्रार्थना पत्र श्रमिक की कन्डीशन ऑफ सर्विस में परिवर्तन न्यायाधिकरण में रैफरैंस लंबित होने की स्थिति में करने पर ही शिकायत स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है, जबकि विवाद सं. 4/88 किसी भी प्रकार कन्डीशन ऑफ सर्विस से संबंधित नहीं कहा जा सकता, अत: प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। उपरोक्त विवाद सं. 4/88 के संबंध में अधिकरण द्वारा 30-12-88 को ही नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित कर दिया था, अत: जिस दिन प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया उस दिन कोई रैफरैंस अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं था, अत: प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

3. गुणावगुण पर अप्रार्थी का इतना ही जवाब है कि दिनांक 7-10-88 को जो सेवा मुक्ति आदेश प्रार्थी के विरुद्ध पारित किया गया है, उसमें किसी भी प्रकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है, अत: प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई है।

4. प्रकरण में विपक्षी संस्थान द्वारा 1-4-91 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि श्रमिक की सेवा मुक्ति से संबंधित विवाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रेषित किया गया है, अत: अब इस प्रार्थना पत्र पर कोई अग्रिम कार्यवाही किया जाना विधि सम्मत नहीं है, अत: उपरोक्त रैफरैंस सं. 95/89 के निस्तारण तक इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही रोके जाने की प्रार्थना की गई।

5. उक्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आदेशिका दिनांक 13-1-92 में पारित आदेश के अनुसार इस पत्रावली को भी उपरोक्त रैफरैंस सं. सी. आई. टी. 95/89 के निस्तारित होने तक उसी पत्रावली के साथ कन्सोलीडेट कर दिया गया।

6. अब चूंकि रैफरैंस सं. सी. आई. टी. 95/89 का निस्तारण हो चुका है एवं उसमें पारित अवार्ड के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रकरण में अप्रार्थी से समझौता कर लेने के कारण नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया गया है, ऐसे में यह प्रार्थना पत्र निष्प्रभावी हो जाने से खारिज किये जाने योग्य है।

7. अत: प्रकरण में उपरोक्त विवेचन के आधार पर निम्न अवार्ड पारित किया जाता है :—

> "चूंकि प्रकरण सं. सी. आई. टी. 95/89 का निस्तारण किया जाकर प्रार्थी के संबंध में नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया गया है, ऐसे में प्रार्थी का यह प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम निष्प्रभावी होने से अस्वीकार किया जाता है। प्रार्थी इस प्रार्थना पत्र के जरिये कोई राहत पाने का अधिकारी नहीं है।"

8. अवार्ड आज दिनांक 6-11-2004 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

पी. एल. हिस्सारिया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2005

का. आ. 368.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा. लि, के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट (संदर्भ संख्या सी. आई. टी. 11/89) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 10-1-2005 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29025/8/2005-आई. आर. (विविध)]
बी. एम. डेविड, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 2005

S.O. 368.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (No. C.I.T. 11/89) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 10-1-2005.

[No. L-29025/8/2005-IR(Misc.)]
B. M. DAVID, Under Secy.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी. आई. टी. 11/89

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

श्री सीताराम पुत्र श्री जगन्नाथ, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम डगोता पोस्ट नीमला बाया सैंथल, तहसील जमुवा रामगढ़, जिला जयपुर।

.....प्रार्थी

बनाम

1. जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि. रजिस्टर्ड आफिस-प्रेम प्रकाश, एस. एम. एस. हाईवे, जयपुर जरिये मैनेजिंग डायरेक्टर।

2. माइन्स मैनेजर, डगोता सोप स्टोन माइन्स, जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि., डगोता, तहसील जमुवा रामगढ़, जिला जयपुर। ....अप्रार्थीगण

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री पी. एल. हिस्सारिया, आर. एच. जे. एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे. के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री आर. सी. पापड़ीवाल

दिनांक अवार्ड : 6-11-2004

अवार्ड

(1) प्रार्थी श्री सीताराम ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि. जयपुर के विरुद्ध औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे आगे अधिनियम लिखा जा रहा है) की धारा 33-ए के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार वह विपक्षी संस्थान का स्थाई श्रमिक है, उसका कार्य हमेशा संतोषप्रद रहा है, वह राष्ट्रीय खनन मजदूर कांग्रेस सोप स्टोन माइन्स डगोता का सक्रिय सदस्य है तथा उसे अचानक विपक्षी संस्थान ने दिनांक 7-10-88 को समाचार पत्र में एक सूचना प्रकाशित कर सेवा से हटा दिया। सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा मुक्ति का कोई कारण उसे नहीं बताया, न ही उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया। अधिकरण के समक्ष विपक्षी संस्थान एवं उसके मध्य एक जनरल रैफरेंस सं. 4/88 लंबित है जिससे प्रार्थी भी संबंधित श्रमिक है किन्तु उसकी सेवा मुक्ति से पूर्व अधिनियम के प्रावधान के अनुसार न तो प्रार्थी को सेवा मुक्त करने की अनुमति अधिकरण से प्राप्त की गई, न ही धारा 33(2)(बी) अधिनियम के तहत सेवा मुक्ति आदेश का अनुमोदन कराया गया, न ही ऐसा कोई प्रार्थना पत्र अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया। अत: प्रार्थी की सेवा मुक्ति अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में की गई है जो अवैध व अनुचित है। प्रार्थी चूंकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अत: दुर्भावनापूर्ण रूप से उसकी सेवा मुक्ति की गई है। अत: प्रार्थी की प्रार्थना है कि उसका सेवा मुक्ति आदेश दिनांक 7-10-88 अनुचित व अवैध घोषित किया जाकर अपास्त किया जावे एवं उसे समस्त पिछले वेतन व अन्य लाभ सहित सेवा में बहाल किया जावे।

(2) विपक्षी संस्थान ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रारंभिक आपत्ति की है कि उपरोक्त रैफरैंस सं. 4/88 से श्रमिक किसी प्रकार संबंधित श्रमिक नहीं कहा जा सकता क्योंकि धारा 33-ए का प्रार्थना पत्र श्रमिक को कन्डीशन ऑफ सर्विस में परिवर्तन न्यायाधिकरण में रैफरैंस लंबित होने की स्थिति में करने पर ही शिकायत स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है, जबकि विवाद सं. 4/88 किसी भी प्रकार कन्डीशन ऑफ सर्विस से संबंधित नहीं कहा जा सकता, अत: प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। उपरोक्त विवाद सं. 4/88 के संबंध में अधिकरण द्वारा 30-12-88 को ही नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित कर दिया गया था, अत: जिस दिन प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया उस दिन कोई रैफरैंस अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं था, अत: प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

(3) गुणावगुण पर अप्रार्थी का इतना ही जवाब है कि दिनांक 7-10-88 को जो सेवा मुक्ति आदेश प्रार्थी के विरूद्ध पारित किया गया है, उसमें किसी भी प्रकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई

उल्लंघन नहीं किया गया है, अत: प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई है।

(4) प्रकरण में विपक्षी संस्थान द्वारा 1-4-91 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि श्रमिक को सेवा मुक्ति से संबंधित विवाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रेषित किया गया है, अत: अब इस प्रार्थना पत्र पर कोई अग्रिम कार्यवाही किया जाना विधि सम्मत नहीं है, अत: उपरोक्त रैफरैंस सं. 95/89 के निस्तारण तक इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही रोके जाने की प्रार्थना की गई।

(5) उक्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आदेशिका दिनांक 13-1-92 में पारित आदेश के अनुसार इस पत्रावली को भी उपरोक्त रैफरैंस सं. सी. आई. टी. 95/89 के निस्तारित होने तक उसी पत्रावली के साथ कन्सोलीडेट कर दिया गया।

(6) अब चूंकि रैफरैंस केस नं. आई. टी. 95/89 का निस्तारण हो चुका है एवं उसमें पारित अवार्ड के अनुसार प्रार्थी को सेवा में बहाल करने एवं उसे समस्त लाभ दिलाये जाने का अवार्ड पारित किया गया है, ऐसे में यह प्रार्थना पत्र, प्रार्थी का निष्प्रभावी होने से खारिज किये जाने योग्य है।

(7) अत: प्रकरण में निम्न अवार्ड पारित किया जाता है :

"चूंकि प्रकरण सं. सी. आई. टी. 95/89 का निस्तारण किया जाकर प्रार्थी की सेवा मुक्ति को अपास्त किया जाकर उसे समस्त लाभ दिलाये जाने का अवार्ड पारित किया जा चुका है, ऐसे में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए अधिनियम निष्प्रभावी होने से अस्वीकार किया जाता है, प्रार्थी इस प्रार्थना पत्र के जरिये कोई राहत पाने का अधिकारी नहीं है।"

(8) अवार्ड आज दिनांक 6-11-2004 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

पी. एल. हिस्सारिया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2005

का. आ. 369.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा. लि. के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट (संदर्भ संख्या सी.आई.टी.-12/89) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 10-01-2005 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल.-29025/9/2005-आई. आर. (विविध)]

बी. एम. डेविड, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 2005

S.O. 369.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (C.I.T.-12/89) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 10-01-2005.

[No. L-29025/9/2005-IR(Misc.)]
B. M. DAVID, Under Secy.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई.टी. 12/89

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

श्री कल्याण पुत्र सोहन कुमार उम्र 44 वर्ष,
निवासी ग्राम-पोस्ट सैंथल, तहसील दौसा,
जिला जयपुर ... प्रार्थी

बनाम

1. जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि. रजिस्टर्ड ऑफिस—प्रेम प्रकाश, एस.एम.एस. हाईवे, जयपुर जरिये मैनेजिंग डायरैक्टर।
2. माइन्स मैनेजर, डगोता सोप स्टोन माइन्स, जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि., डगोता तहसील जमुवा रामगढ़, जिला जयपुर। ... अप्रार्थीगण

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री पी.एल. हिस्सारिया, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे.के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री आर.सी. पापड़ीवाल

दिनांक अवार्ड : 6-11-2004

अवार्ड

1. प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि., जयपुर के विरुद्ध औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे आगे अधिनियम लिखा जा रहा है) की धारा 33-ए के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है जिसके अनुसार वह विपक्षी संस्थान का स्थाई श्रमिक है, उसका कार्य हमेशा संतोषप्रद रहा है, वह राष्ट्रीय खनन मजदूर कांग्रेस सोप स्टोन माइन्स, डगोता का सक्रिय सदस्य है तथा उसे अचानक विपक्षी संस्थान ने दिनांक 7-10-88 को समाचार पत्र में एक

सूचना प्रकाशित कर सेवा से हटा दिया। सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा मुक्ति का कोई कारण उसे नहीं बताया, न ही उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया। अधिकरण के समक्ष विपक्षी संस्थान एवं उसके मध्य एक जनरल रैफरैंस सं. 4/88 लंबित है जिससे प्रार्थी भी संबंधित श्रमिक है किन्तु उसकी सेवा मुक्ति से पूर्व अधिनियम के प्रावधान के अनुसार न तो प्रार्थी को सेवा मुक्त करने की अनुमति अधिकरण से प्राप्त की गई, न ही धारा 33(2)(बी) अधिनियम के तहत सेवा मुक्ति आदेश का अनुमोदन कराया गया, न ही ऐसा कोई प्रार्थना पत्र अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया। अत: प्रार्थी की सेवा मुक्ति अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में की गई है जो अवैध व अनुचित है। प्रार्थी चुंकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अत: दुर्भावनापूर्ण रूप से उसकी सेवा मुक्ति की गई है। अत: प्रार्थी की प्रार्थना है कि उसका सेवा मुक्ति आदेश दिनांक 7-10-88 अनुचित व अवैध घोषित किया जाकर अपास्त किया जाये एवं उसे समस्त पिछले वेतन व अन्य लाभ सहित सेवा में बहाल किया जाये।

2. विपक्षी संस्थान ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रारंभिक आपत्ति की है कि उपरोक्त रैफरैंस सं. 4/88 से श्रमिक किसी प्रकार संबंधित श्रमिक नहीं कहा जा सकता क्योंकि धारा 33-ए का प्रार्थना पत्र श्रमिक को कन्डीशन ऑफ सर्विस में परिवर्तन न्यायाधिकरण में रैफरैंस लंबित होने की स्थिति में करने पर ही शिकायत स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है, जबकि विवाद सं. 4/88 किसी भी प्रकार कन्डीशन ऑफ सर्विस से संबंधित नहीं कहा जा सकता अत: प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। उपरोक्त विवाद सं. 4/88 के संबंध में अधिकरण द्वारा 30-12-88 को ही नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित कर दिया गया था अत: जिस दिन प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया उस दिन कोई रैफरैंस अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं था अत: प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

3. गुणावगुण पर अप्रार्थी का इतना ही जवाब है कि दिनांक 7-10-88 को जो सेवा मुक्ति आदेश प्रार्थी के विरुद्ध पारित किया गया है उसमें किसी भी प्रकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है, अत: प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई है।

4. प्रकरण में विपक्षी संस्थान द्वारा 1-4-91 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि श्रमिक की सेवा मुक्ति से संबंधित विवाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रेपित किया गया है, अत: अब इस प्रार्थना पत्र पर कोई अग्रिम कार्यवाही किया जाना विधिसम्मत नहीं है, अत: उपरोक्त रैफरैंस सं. 95/89 के निस्तारण तक इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही रोके जाने की प्रार्थना की गई है।

5. उक्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आदेशिका दिनांक 13-1-92 में पारित आदेश के अनुसार इस पत्रावली को भी उपरोक्त रेफरैंस सं. सी.आई.टी. 95/89 निस्तारित होने तक उसी पत्रावली के साथ कन्सोलीडेट कर दिया गया।

6. अब चूंकि रेफरैंस केस नं. सी.आई.टी. 95/89 का निस्तारण हो चुका है एवं उसमें पारित अवार्ड के अनुसार प्रार्थी को सेवा में बहाल करने एवं उसे समस्त लाभ दिलाये जाने का अवार्ड पारित किया गया है, ऐसे में यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी का निष्प्रभावी होने से खारिज किये जाने योग्य है।

7. अत: प्रकरण में निम्न अवार्ड पारित किया जाता है :

"चूंकि प्रकरण सं. सी.आई.टी. 95/89 का निस्तारण किया जाकर प्रार्थी की सेवा मुक्ति को अपास्त किया जाकर उसे समस्त लाभ दिलाये जाने का अवार्ड पारित किया जा चुका है, ऐसे में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए अधिनियम निष्प्रभावी होने से अस्वीकार किया जाता है, प्रार्थी इस प्रार्थना पत्र के जरिये कोई राहत पाने का अधिकारी नहीं है।"

8. अवार्ड आज दिनांक 6-11-2004 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

पी.एल. हिस्सारिया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2005

का. आ. 370.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर मिनरल डवलपमैंट सिंडीकेट प्रा. लि. के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट (संदर्भ संख्या सी.आई.टी. 15/89) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 10-01-2005 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29025/2/2005-आई. आर. (विविध)]

बी. एम. डेविड, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 2005

S.O. 370.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (C.I.T. 15/89) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 10-01-2005.

[No. L-29025/2/2005-IR(Misc.)]

B. M. DAVID, Under Secy.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई. टी. 15/89

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औधोगिक विवाद अधिनियम, 1947

कल्या पुत्र परसा मीना उम्र 50 वर्ष,
निवासी कालेड़ा पो. समरा तहसील यानागाजी,
जिला अलवर . . . प्रार्थी

बनाम

1. जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि. रजिस्टर्ड ऑफिस-प्रेम प्रकाश, एस.एम.एस. हाईवे, जयपुर जरिये मैनेजिंग डायरेक्टर।

2. माइन्स मैनेजर, डगोता सोप स्टोन माइन्स, जयपुर मिनरल डैवलपमैन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि. डगोता, तहसील जमुवा रामगढ़, जिला जयपुर। . . . अप्रार्थी

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री पी.एल. हिस्सारिया, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे.के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री आर.सी. पापड़ीवाल

दिनांक अवार्ड : 6-11-2004

अवार्ड

1. प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि. जयपुर के विरुद्ध औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे आगे अधिनियम लिखा जा रहा है) की धारा 33-ए के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार वह विपक्षी संस्थान का स्थाई श्रमिक है, उसका कार्य हमेशा संतोषजनक रहा है, वह राष्ट्रीय खनन मजदूर कांग्रेस सोप स्टोन माइन्स डागौता का सक्रिय सदस्य है तथा उसे अचानक विपक्षी ने दिनांक 7-10-88 को समाचार पत्र में एक सूचना प्रकाशित कर सेवा से हटा दिया। सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा मुक्ति का कोई कारण नहीं बताया, न ही उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिला। अधिकरण के समक्ष विपक्षी एवं उसके श्रमिकगण के मध्य एक जनरल रैफरैंस सं. 4/88 लंबित है जिससे प्रार्थी भी संबंधित श्रमिक हैं किन्तु उसकी सेवा मुक्ति से पूर्व अधिनियम के प्रावधान के अनुसार न तो प्रार्थी को सेवा मुक्ति करने की अनुमति अधिकरण से प्राप्त की गई, न ही धारा 33(2)(बी) अधिनियम के तहत सेवा मुक्ति आदेश का अनुमोदन कराया गया, न ही ऐसा कोई प्रार्थना पत्र अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया। अत: प्रार्थी की सेवा मुक्ति अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में की गई है जो अवैध एवं अनुचित है। प्रार्थी चुंकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अत: दुर्भावनापूर्ण रूप से उसकी सेवा मुक्ति की गई है। अत: प्रार्थी की प्रार्थना है कि उसका सेवा मुक्ति आदेश दिनांक 7-10-88 अनुचित व अवैध घोषित किया जाकर अपास्त किया जावे व उसे समस्त पिछले वेतन व अन्य लाभ सहित सेवा में बहाल किया जावे।

2. विपक्षी संस्थान ने प्रार्थना पत्र का जवाब प्रस्तुत कर प्रारंभिक आपत्ति की है कि उपरोक्त रैफरैंस सं. 4/88 से श्रमिक किसी प्रकार संबंधित श्रमिक नहीं कहा जा सकता क्योंकि धारा 33-ए का प्रार्थना पत्र श्रमिक को कन्डीशन ऑफ सर्विस में परिवर्तन न्यायाधिकरण में रैफरैंस लंबित होने की स्थिति में करने पर ही शिकायत स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है, जबकि विवाद सं. 4/88 किसी भी प्रकार कन्डीशन ऑफ सर्विस से संबंधित नहीं कहा जा सकता अत: प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। उपरोक्त विवाद सं. 4/88 के संबंध में अधिकरण द्वारा 30-12-88 को ही नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित कर दिया गया था, अत: जिस दिन प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया उस दिन कोई रैफरैंस अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं था अत: प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

3. गुणावगुण पर अप्रार्थी का इतना ही जवाब है कि दिनांक 7-10-88 को जो सेवा मुक्ति आदेश प्रार्थी के विरुद्ध पारित किया गया है उसमें किसी भी प्रकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है, अत: प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई है।

4. प्रकरण में विपक्षी संस्थान द्वारा 1-4-91 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि श्रमिक की सेवा मुक्ति से संबंधित विवाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रेषित किया गया है, अत: अब इस प्रार्थना पत्र पर कोई अग्रिम कार्यवाही किया जाना विधि सम्मत नहीं है, अत: उपरोक्त रैफरैंस सं. 95/89 के निस्तारण तक इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही रोके जाने के प्रार्थना की गई।

5. उक्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आदेशिका दिनांक 13-1-92 में पारित आदेश के अनुसार इस पत्रावली को भी उपरोक्त रेफरैंस सं. सी.आई.टी. 95/89 के निस्तारित होने तक उसी पत्रावली के साथ कन्सोलीडेट कर दिया गया।

6. अब चूंकि रेफरैंस सं. सी.आई.टी. 95/89 का निस्तारण हो चुका है एवं उसमें पारित अवार्ड के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रकरण में अप्रार्थी से समझौता कर लेने के कारण नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया गया है, ऐसे में यह प्रार्थना पत्र निष्प्रभावी होने से खारिज किये जाने योग्य है।

7. अत: प्रकरण में उपरोक्त विवेचन के आधार पर निम्न अवार्ड पारित किया जाता है :

"चूंकि प्रकरण सं. सी.आई.टी. 95/89 का निस्तारण किया जाकर प्रार्थी के संबंध में नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया जा चुका है, ऐसे में प्रार्थी का यह प्रर्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम निष्प्रभावी होने से अस्वीकार किया जाता है, प्रार्थी इस प्रार्थना पत्र के जरिये कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।"

8. अवार्ड आज दिनांक 6-11-2004 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

पी.एल. हिस्सारिया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2005

का. आ. 371.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा. लि. के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजक और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट (संदर्भ संख्या सी.आई.टी.-6/89) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 10-01-2005 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल.-29025/3/2005-आई. आर. (विविध)]
बी. एम. डेविड, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 2005

S.O. 371.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (C.I.T.-6/89) of the Central Industrial Tribunal Jaipur now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 10-01-2005.

[No. L-29025/3/2005-IR(Misc.)]
B. M. DAVID, Under Secy.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई. टी. 6/89

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

श्री श्रवण पुत्र भूरा मीना, उम्र 55 वर्ष,
निवासी ग्राम-पोस्ट मंहगी, वाया आंधी, तहसील जमुवा रामगढ़,
जिला जयपुर . . . प्राथी

बनाम

1. जयपुर मिनरल डवलपमैन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि. रजिस्टर्ड ऑफिस—प्रेम प्रकाश, एस.एम.एस. हाईवे, जयपुर जरिये मैनेजिंग डायरेक्टर।

2. माइन्स मैनेजर, डगोता सोप स्टोन माइन्स, जयपुर मिनरल डवलपमैन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि. डगोता, तहसील जमुवा रामगढ़, जिला जयपुर। . . . अप्रार्थीगण

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री पी.एल. हिस्सारिया, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे.के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री आर.सी. पापड़ीवाल

दिनांक अवार्ड : 6-11-2004

अवार्ड

1. प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी जयपुर मिनरल डवलपमैन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि., जयपुर के विरुद्ध औधोगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे आगे अधिनियम लिखा जा रहा है) की धारा 33-ए के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार वह विपक्षी संस्थान का स्थाई श्रमिक है, उसका कार्य हमेशा संतोषप्रद रहा है, वह राष्ट्रीय खनन मजदूर कांग्रेस सोप स्टोन माइन्स डगोता का सक्रिय सदस्य है तथा उसे अचानक विपक्षी संस्थान ने दिनांक 7-10-88 को समाचार पत्र में एक सूचना प्रकाशित कर सेवा से हटा दिया। सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा मुक्ति का कोई कारण उसे नहीं बताया, न ही उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया। अधिकरण के समक्ष विपक्षी संस्थान एवं उसके मध्य एक जनरल रैफरैंस सं. 4/88 लंबित है, जिससे प्रार्थी भी संबंधित श्रमिक है किन्तु उसकी सेवा मुक्ति से पूर्व अधिनियम के प्रावधान के अनुसार न तो प्रार्थी को सेवा मुक्त करने की अनुमति अधिकरण से प्राप्त की गई, न ही धारा 33(2)(बी) अधिनियम के तहत सेवा मुक्ति आदेश का अनुमोदन कराया गया, न ही ऐसा कोई प्रार्थना पत्र अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया। अत: प्रार्थी की सेवा मुक्ति अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में की गई हो जो अवैध व अनुचित है। प्रार्थी चूंकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अत: दुर्भावनापूर्ण रूप से उसकी सैवा मुक्ति की गई है। अत: प्रार्थी की प्रार्थना है कि उसका सेवा मुक्ति आदेश दिनांक 7-10-88 अनुचित व अवैध घोषित किया जाकर अपास्त किया जाये एवं उसे समस्त पिछले वेतन व अन्य लाभ सहित सेवा में बहाल किया जाये।

2. विपक्षी संस्थान ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रारंभिक आपत्ति की है कि उपरोक्त रैफरैंस सं. 4/88 से श्रमिक किसी प्रकार संबंधित श्रमिक नहीं कहा जा सकता क्योंकि धारा 33-ए का प्रार्थना पत्र श्रमिक की कन्डीशन ऑफ सर्विस में परिवर्तन न्यायाधिकरण में रैफरैंस लंबित होने की स्थिति में करने पर ही शिकायत स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है, जबकि विवाद सं. 4/88 किसी भी प्रकार कन्डीशन ऑफ सर्विस से संबंधित नहीं कहा जा सकता, अत: प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। उपरोक्त विवाद सं. 4/88 के संबंध में अधिकरण द्वारा 30-12-88 को ही नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित कर दिया गया था, अत:. जिस दिन प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, उस दिन कोई रैफरैंस अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं था, अत: प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

3. गुणावगुण पर अप्रार्थी का इतना ही जवाब है कि दिनांक 7-10-88 को जो सेवा मुक्ति आदेश प्रार्थी के विरुद्ध पारित किया गया है, उसमें किसी भी प्रकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई उल्लंघन

नहीं किया गया है, अत: प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई है।

4. प्रकरण में विपक्षी संस्थान द्वारा 1-4-91 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि श्रमिक की सेवा मुक्ति से संबंधित विवाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रेषित किया गया है, अत: अब इस प्रार्थना पत्र पर कोई अग्रिम कार्यवाही किया जाना विधि सम्मत नहीं है, अत: उपरोक्त रैफरैंस सं. 95/89 के निस्तारण तक इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही रोके जाने की प्रार्थना की गई।

5. उक्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आदेशिका दिनांक 13-1-92 में पारित आदेश के अनुसार इस पत्रावली को भी उपरोक्त रेफरैंस सं. सी.आई.टी. 95/89 के निस्तारित होने तक उसी पत्रावली के साथ कन्सोलीडेट कर दिया गया।

6. चूंकि अब रेफरैंस सं. सी.आई.टी. 95/89 का निस्तारण हो चुका है एवं उसमें पारित अवार्ड के अनुसार प्रार्थी को सेवा में बहाल करने एवं उसे समस्त लाभ दिलाये जाने का अवार्ड पारित किया गया है, ऐसे में यह प्रार्थना प्रार्थी का निष्प्रभावी होने से खारिज किये जाने योग्य है।

7. अत: प्रकरण में निम्न अवार्ड पारित किया जाता है :

"चूंकि प्रकरण सं. सी.आई.टी. 95/89 को निस्तारण किया जाकर प्रार्थी की सेवा मुक्ति को अपास्त किया जाकर उसे समस्त लाभ दिलाये जाने का अवार्ड पारित किया जा चुका है, ऐसे में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए अधिनियम निष्प्रभावी होने से अस्वीकार किया जाता है, प्रार्थी इस प्रार्थना पत्र के जरिये कोई राहत पाने का अधिकारी नहीं है।"

8. अवार्ड आज दिनांक 6-11-2004 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे।

पी.एल. हिस्सारिया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 2005

का. आ. 372.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार जयपुर मिनरल डवलपमेंट सिंडीकेट प्रा. लि. के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट (संदर्भ संख्या सी.आई.टी.-7/89) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 10-01-2005 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29025/4/2005-आई. आर. (विविध)]

बी. एम. डेविड, अवर सचिव

176 GI/05-17

New Delhi, the 10th January, 2005

S.O. 372.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (C.I.T. 7/89) of the Central Industrial Tribunal, Jaipur now as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Jaipur Mineral Development Syndicate Pvt. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 10-01-2005.

[No. L-29025/4/2005-IR(Misc.)]
B. M. DAVID, Under Secy.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

केस नं. सी.आई.टी. 7/89

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 33-ए औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

श्री रमसी पुत्र श्री बकसा मीना, उम्र 40 वर्ष,
निवासी ग्राम डगोता पो. नीमला वाया सैंथल, तह. जमुवा रामगढ़,
जिला जयपुर . . . प्रार्थी

बनाम

1. जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि. रजिस्टर्ड ऑफिस-प्रेम प्रकाश, एस.एम.एस. हाईवे, जयपुर जरिये मैनेजिंग डायरेक्टर।
2. माइन्स मैनेजर, डगोता सोप स्टोन माइन्स, जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा. लि. डगोता, तहसील जमुवा रामगढ़, जिला जयपुर। . . . अप्रार्थीगण

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री पी.एल. हिस्सारिया, आर.एच.जे.एस.

प्रार्थी की ओर से : श्री जे.के. अग्रवाल

अप्रार्थी की ओर से : श्री आर.सी. पापड़ीवाल

दिनांक अवार्ड : 6-11-2004

अवार्ड

1. प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र अप्रार्थी जयपुर मिनरल डवलपमेन्ट सिण्डीकेट प्रा.लि. जयपुर के विरुद्ध औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे आगे अधिनियम लिखा जा रहा है) की धारा 33-ए के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है, जिसके अनुसार वह विपक्षी संस्थान का स्थाई श्रमिक है, उसका कार्य हमेशा संतोषप्रद रहा है, वह राष्ट्रीय खनन मजदूर कांग्रेस सोप स्टोन माइन्स डगोता का सक्रिय सदस्य है तथा उसे अचानक विपक्षी संस्थान ने दिनांक 7-10-88 को समाचार पत्र में एक

सूचना प्रकाशित कर सेवा से हटा दिया। सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा मुक्ति का कोई कारण उसे नहीं बताया, न ही उसे अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया। अधिकरण के समक्ष विपक्षी संस्थान एवं उसके मध्य एक जनरल रैफरैंस सं. 4/88 लंबित है, जिससे प्रार्थी भी संबंधित श्रमिक है किन्तु उसकी सेवा मुक्ति से पूर्व अधिनियम के प्रावधान के अनुसार न तो प्रार्थी को सेवा मुक्त करने की अनुमति अधिकरण से प्राप्त की गई, न ही धारा 33(2)(बी) अधिनियम के तहत सेवा मुक्ति आदेश का अनुमोदन कराया गया, न ही ऐसा कोई प्रार्थना पत्र अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया। अत: प्रार्थी की सेवा मुक्ति अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में की गई है जो अवैध व अनुचित है। प्रार्थी चूंकि यूनियन का सक्रिय सदस्य है, अत: दुर्भावनापूर्ण रूप से उसकी सेवा मुक्ति की गई है। अत: प्रार्थी की प्रार्थना है कि उसका सेवा मुक्ति आदेश दिनांक 7-10-88 अनुचित व अवैध घोषित किया जाकर अपास्त किया जाये एवं उसे समस्त पिछले वेतन व अन्य लाभ सहित सेवा में बहाल किया जाये।

2. विपक्षी संस्थान ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रारंभिक आपत्ति की है कि उपरोक्त रैफरैंस सं. 4/88 से श्रमिक किसी प्रकार संबंधित श्रमिक नहीं कहा जा सकता क्योंकि धारा 33-ए का प्रार्थना पत्र श्रमिक की कन्डीशन ऑफ सर्विस में परिवर्तन न्यायाधिकरण में रैफरैंस लंबित होने की स्थिति में करने पर ही शिकायत स्वरूप प्रस्तुत किया जा सकता है, जबकि विवाद सं. 4/88 किसी भी प्रकार कन्डीशन ऑफ सर्विस से संबंधित नहीं कहा जा सकता, अत: प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है। उपरोक्त विवाद सं. 4/88 के संबंध में अधिकरण द्वारा 30-12-88 को ही नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित कर दिया गया था, अत: जिस दिन प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया उस दिन कोई रैफरैंस अधिकरण के समक्ष लंबित नहीं था, अत: प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

3. गुणावगुण पर अप्रार्थी का इतना ही जवाब है कि दिनांक 7-10-88 को जो सेवा मुक्ति आदेश प्रार्थी के विरुद्ध पारित किया गया है, उसमें किसी भी प्रकार अधिनियम के प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है, अत: प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने की प्रार्थना की गई है।

4. प्रकरण में विपक्षी संस्थान द्वारा 1-4-91 को एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि श्रमिक की सेवा मुक्ति से संबंधित विवाद भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रेषित किया गया है, अत: अब इस प्रार्थना पत्र पर कोई अग्रिम कार्यवाही किया जाना विधि सम्मत नहीं है, अत: उपरोक्त रैफरैंस सं. 95/89 के निस्तारण तक इस प्रार्थना पत्र की कार्यवाही रोके जाने के प्रार्थना की गई है।

